नवभारत

# 59 छात्रों को मिलेगी स्कॉलरशिप

संवाददाता

**पुणे.** कृषि क्षेत्र में अपना करियर बनाने की सोच रहे विद्यार्थियों को फिनोलेक्स इंडस्ट्रिज और मुकुल माधव फाउंडेशन की तरफ से स्कॉलरशिप दी जाएगी. 59 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी. इनमें डिग्री के लिए 36, पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए 20 जबकि पीएचडी करने वाले तीन विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप मिलेगी.



## फिनोलेक्स व मुकुल माधव फाउंडेशन में करार

- राहुरी स्थित महात्मा फुले कृषि यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. के.पी. विश्वनाथ, डायरेक्टर डॉ. ए.एल. फरांदे, पुणे के कृषि कॉलेज के सहयोगी डीन डॉ. प्रमोद रसाल, मुकुल माधव फाउंडेशन की व्यवस्थापकीय ट्रस्टी रितु प्रकाश छाबरिया, फिनोलेक्स इंडस्ट्रिज के कंपनी सेक्रेटरी देवांग त्रिवेदी की उपस्थिति में करार पर हस्ताक्षर किए गए.
- कृषि यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाले इस मौके पर रितु छाबरिया ने कहा कि फिनोलेक्स और मुकुल माधव फाउंडेशन 2014 से जल संवर्धन के लिए काम कर रहा है. आजतक सोलापुर, सांगली, पुणे, सातारा, रत्नागिरि और उस्मानाबाद जिले के करीब 23 प्रोजेक्ट पूरे हुए हैं.

Navabharat Pune Edition
9 Jun, 2019 Page No. 4